# <u>प्रेस नोट जनपद खीरी</u>

**<u>दिनाँक 05.07.2021</u>**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-**

## <u>खीरी पुलिस की वाहन चोरों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही; अभियान चलाकर माह जुलाई में अब तक चोरी की 19 मोटरसाइकिल बरामद, 10 अभियुक्त गिरफ्तार</u>



पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री विजय ढुल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपद खीरी में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं वाहन चोरों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर सघन अभियान चलाया जा रहा है जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। उक्त अभियान के अंतर्गत माह जुलाई में अब तक जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए चोरी की 19 मोटरसाइकिल बरामद कर 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार करके अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

1- दिनांक 01.07.2021 को कोतवाली सदर पुलिस द्वारा चोरी की 07 मोटरसाइकिल बरामद करके अभियुक्त सलीम पुत्र अमीर हम्जा निवासी शुक्ला वार्ड कस्बा व थाना धौरहरा जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।
2- दिनांक 01.07.2021 को थाना खीरी पुलिस द्वारा चोरी की 03 मोटरसाइकिल बरामद करके अभियुक्त रोहित अवस्थी पुत्र रामजीवन निवासी पटेहरा थाना व जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।
3- दिनांक 03.07.2021 को थाना धौरहरा पुलिस द्वारा चोरी की 02 मोटरसाइकिल बरामद करके 03 अभियुक्तों 1.महेन्द्र केवट पुत्र अशोक कुमार 2.कयूम उर्फ शाहरूख पुत्र वशीर 3.रोहित पुत्र राजाराम यादव निवासीगण मोहल्ला शारदानगर कोतवाली सदर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।
4- दिनांक 04.07.2021 को थाना फरधान पुलिस द्वारा चोरी की 04 मोटरसाइकिल बरामद कर 02 अभियुक्तों 1.कुंवरजीत वाजपेई पुत्र दिनेश चन्द्र निवासी मोहब्बतनगर थाना मैगलगंज जनपद खीरी 2.अभय वर्मा पुत्र अवधेश वर्मा निवासी अमानलाला थाना फरधान जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।
5- दिनांक 04.07.2021 को थाना ईसानगर पुलिस द्वारा चोरी की 03 मोटरसाइकिल बरामद करके 03 अभियुक्तों 1.सुरेश पुत्र जगन्नाथ 2.रामपाल पुत्र रामस्वरूप निवासीगण मिर्जापुर थाना ईसानगर जनपद खीरी 3.कलीम पुत्र नूर अहमद निवासी संगतटोला थाना तंबौर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है।

**इस संबंध में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि संगठित गिरोह बनाकर वाहन चोरी करने वालों के विरूद्ध आगे भी यह अभियान जारी रहेगा तथा गिरोह के सदस्यों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही भी की जाएगी।**

<u>**थाना खीरी पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार**</u>




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में वांछित/वारण्टी/संदिग्ध अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान आज दिनांक 05.07.21 को थाना खीरी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 483/20 धारा 363/366/376 भादवि0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त राजकुमार पुत्र बालकराम नि0 ग्राम मजरा मिरजवा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच को गिरफ्तार किया गया।

## थाना निघासन पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस सहित जिला बदर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया



पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में संपूर्ण जनपद में वांछित / वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 05.07.21 को थाना निघासन पुलिस द्वारा जिला बदर अभियुक्त समझदार पुत्र याकूब निवासी मिर्जागंज कोतवाली निघासन खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त समझदार के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

दिनांक 16.04.2021 को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) महोदय द्वारा अभियुक्त समझदार उपरोक्त को धारा 10 उ0प्र0 गुण्डा नियन्त्रण अधि0 1970 के तहत जिला बदर किया गया था।

**<u>बरामदगी का विवरण –</u>**

01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर

**<u>अभियुक्त समझदार का आपराधिक इतिहास –</u>**

1. मु0अ0सं0 387/2016 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम थाना निघासन खीरी
2. मु0अ0सं0 69/2017 धारा 110जी दं0प्र0सं0 थाना निघासन खीरी

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण –</u>**

1. उ0नि0 विनोद सिंह थाना निघासन खीरी
2. हे0का0 शिव कुमार सिंह थाना निघासन खीरी
3. का0 धर्मेन्द्र कुमार थाना निघासन खीरी
4. का0 सन्दीप कुमार थाना निघासन खीरी

## थाना ईसानगर पुलिस द्वारा चोरी की 03 मोटरसाइकिल बरामद कर 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री विजय ढुल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 04.07.2021 की रात्रि को थाना ईसानगर पुलिस द्वारा मिश्र गांव तिराहा से  वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की 03 अदद मोटरसाइकिल बरामद कर 03 अभियुक्तों 1.सुरेश पुत्र जगन्नाथ 2.रामपाल पुत्र रामस्वरूप निवासीगण मिर्जापुर थाना ईसानगर जनपद खीरी 3.कलीम पुत्र नूर अहमद निवासी संगतटोला थाना तंबौर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। साथ ही अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद अवैध चाकू भी बरामद किया गया । उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना ईसानगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-

1.सुरेश पुत्र जगन्नाथ

2.रामपाल पुत्र रामस्वरूप निवासीगण मिर्जापुर थाना ईसानगर जनपद खीरी

3.कलीम पुत्र नूर अहमद निवासी संगतटोला थाना तंबौर जनपद सीतापुर

### बरामदगी का विवरणः-

1.03 अदद चोरी की मोटरसाइकिल

2. 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद अवैध चाकू

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1.उ0नि0 कुलदीप सिंह, थाना ईसानगर

2. मु0आ0 रवि पाठक

3. मु0आ0 जितेंन्द्र सिंह यादव

4. आरक्षी सतेन्द्र सिंह

5. आरक्षी सरजू प्रसाद दुबे

# <u>थाना निघासन पुलिस द्वारा 20 लीटर अवैध अपमिश्रित शराब बरामदकर अभियुक्त राजारम को गिरफ्तार किया गया</u>




पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में संपूर्ण जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 05.07.21 को थाना निघासन पुलिस द्वारा अभियुक्त राजाराम पुत्र जगीदत्त निवासी ग्राम परमोधापुर कोतवाली निघासन खीरी को ग्राम पढुवा से 20 लीटर अवैध कच्ची अपमिश्रित शराब व 03 किलो यूरिया व शराब बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

## <u>बरामदगी विवरण–</u>

01 प्लास्टिक की पिपिया में 20 लीटर अवैध शराब
03 किलो यूरिया व शराब बनाने के उपकरण

## <u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण –</u>

1. उ0नि0 अशोक कुमार थाना निघासन खीरी
2. हे0का0 कौशलेन्द्र थाना निघासन खीरी
3. आरक्षी कैलाश कुमार थाना निघासन खीरी

## थाना भीरा पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस सहित अभियुक्त जगदीश को किया गया गिरफ्तार



पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 05.07.21 को थाना भीरा पुलिस द्वारा अभियुक्त जगदीश पुत्र आत्माराम नि0 अम्बारा थाना भीरा खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना भीरा पर आर्म्स एक्ट की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 विनोद सिंह यादव, थाना भीरा
2. हे0का0 अतीश कुमार
3. का0 राजू वर्मा

## वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन मे व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए निम्नलिखित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया-

- थाना निघासन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 201/21 धारा 498ए/304बी भादवि व ¾ डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त मोहम्मद रफीक पुत्र मकसूद अली नि0 सिंगपुरवा थाना निघासन जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।
- थाना नीमगांव पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 157/21 धारा 504/506/417/376 भादवि व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त डी0के0 पुत्र शिव कुमार नि0 सुतैरा थाना नीमगांव जनपद खीरी को गिऱफ्तार किया गया।
- थाना गोला पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 355/19 धारा 416/419/420/467/468/470 भादवि में वांछित अभियुक्त संजय सिंह पुत्र जयपाल नि0 हिम्मतनगर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

**<u>अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही, विगत 24 घंटे में 130 लीटर अवैध शराब व शराब बनाने के विभिन्न उपकरण सहित 06 अभियुक्त गिरफ्तार</u>**

पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री विजय ढुल के निर्देशन में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण व बिक्री के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **<u>130 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 06 अभियुक्तों</u>** को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **<u>06 अभियोग</u>** पंजीकृत किए गए। विवरण निम्नवत हैः-

| क्र0सं0 | थाना | बरामदगी | गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | थाना पसगवां | 50 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 2. | थाना गोला | 30 लीटर | 02 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 3. | थाना मितौली | 20 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 4. | थाना निघासन | 20 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 5. | थाना पलिया | 10 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| | कुल योग | 130 लीटर | 06 अभियुक्त गिरफ्तार |